हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 3 मई 2025


तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 तूफान ने नगर में मचायी भारी तबाही



14 शहर को रायपुर से जोड़ने वाला मार्ग गड्ढे...





## खबर संक्षेप

### 44 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 2 मई को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस ने ग्राम रसेड़ा न्यूवोको प्लांट मेनगेट मेनरोड के पास घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते आरोपी शराब कोचिया रवि मनहरे को गिरफ्तार किया। आरोपी से 5280 कीमत मूल्य का 44 पौवा स्पेशल गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब, बिक्री रकम 900 एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 04 - 7417 जब्त किया है। आरोपी रवि मनहरे थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र का निगरानी बदमाश है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्धकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### देसी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** देशी प्लेन शराब की बिक्री करने वाले व्यक्ति के खिलाफ तुमगांव थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम पासिद में भंवर सिंह ध्रुव नाम का व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी भंवर सिंह ध्रुव पिता स्व हृदय ध्रुव (65 साल) पासिद के कब्जे से 25 नग देशी प्लेन शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त कर धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महासमुंद।** खेत की ओर जा रहा एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सरायपाली पुलिस को संतोष कुमार साहू ने बताया कि 29 अप्रैल उसका लड़का आनंद राज साहू (13 साल) अपने दोस्त शायन मंडल जगन्नाथ विहार के आगे खेत तरफ जा रहा था। जगन्नाथ विहार के पहले मेन रोड झिलमिला के पास पहुंचने पर वितरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1689 के चालक चमन सिदार निवासी संेटपारा झिलमिला सरायपाली अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पैदल चल रहे उसके बेटे आनंद राज साहू को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 1 मई को सूचना मिली कि पटेवा-बोडरा मार्ग बिजली आफिस के पास पटेवा में कुछ लोग शराब पी रहे है, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को समस्या हो रही है। मौके पर पुरूषोत्तम ध्रुव पिता समारू ध्रुव (26 वर्ष) ग्राम पटेवा और एनएच 06 पिंटू ढाबा के पास गोविंद सिन्हा उर्फ राजा पिता दुर्वाशा सिन्हा 35 वर्ष ग्राम बल्दीडीह शराब थाना सांकरा जिला महासमुंद (छग) शराब पीते हुए पाए गए। जिनकी चेकिंग ब्रिथ एनालाईजर मशीन से की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# पांच जनपदों की 10 पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा की विशेष पहल ''संवाद कार्यक्रम'' का चौथा चरण 2 मई से प्रारंभ हो गया। यह कार्यक्रम 16 जुलाई तक चलेगा। जिले की सभी पांच जनपद पंचायतों की 10 ग्राम पंचायतों के नागरिकों ने अपनी समस्या विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखेंगे। इस दौरान अपर कलेक्टर मिथिलेश डोंडे ने ग्रामीणों को स्वामित्व योजना और किसान पंजीयन की जानकारी दी। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों द्वारा राजस्व एवं सहकारिता विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया।

## नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा संपर्क केन्द्र




### समस्याओं का निराकरण वर्चुअल माध्यम से

संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों की समस्याओं का निराकरण वर्चुअल माध्यम से किया जाता है। इसके लिए ग्रामीणों को जिला कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं हैं, जिससे उनके समय और धन की बचत तो होती ही है साथ ही विभागीय अधिकारियों से सीधा संवाद होता है। संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी दो पालियों में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आम नागरिकों से जुड़ते हैं। प्रथम पाली सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक आयोजित की जाती है। जिला प्रशासन द्वारा 48 घंटे के भीतर समस्याओं का समाधान किया जाता है। अगस्त 2024 से लेकर अब तक जिले की 519 पंचायतों के 500 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। आम नागरिकों की सुविधा के लिए संपर्क केंद्र द्वारा हेल्प लाइन नंबर 9201899925 भी जारी किया गया है,जिस पर कार्यालयीन दिवसों सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से 5.30 तक संपर्क किया जा सकता है।

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार प्रतिदिन जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत की 2 इस प्रकार कुल 10 ग्राम पंचायतों के लोगों की समस्या का समाधान किया जाता है। संपर्क केन्द्र द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में कोटवार के माध्यम से मुनादी करवाकर ग्रामीणों को पहले से सूचित कर दिया जाता है। इसके बाद संबंधित पंचायत में ग्रामीण अपनी मांगें, शिकायतें और समस्याएं लेकर ग्राम पंचायत भवन में एकत्रित हो जाते हैं जहां सरपंच, पंच, पंचायत सचिव सहित मैदानी अमला मौजूद रहता है और जिला मुख्यालय से विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी जुड़ते हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संपर्क केन्द्र के माध्यम से पिछले ▸▸ शेष पेज 13 पर

## उपलब्धि : स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# टीबी मुक्त भारत अभियान में जिले को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

देश भर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान जारी है। इसके तहत टीबी रोग की पहचान, उसकी जांच, उपचार के संबंध में न केवल सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है, अपितु आम जनजीवन में जागरूकता के साथ-साथ समुदाय की सहभागिता इस क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में भी लिया जा रहा है। जिले को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य स्तर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

ऐसे ही बलौदाबाजार जिले में वर्ष 2024 में 182 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया है, जबकि 2023 में यह आकंड़ा 12 ही था। आम जन समुदाय से अभियान में सहयोग हेतु निक्षय मित्र भी बनाये गए हैं, जो टीबी के मरीज को गोद लेकर अतिरिक्त पोषण सहयोग देते हैं। जिले में राज्यपाल रमेन डेका, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सहित कई डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, व्यापारी, निक्षय मित्र बन टीबी के मरीजों को फूड बास्केट प्रदान कर रहे हैं। जिले में अब तक 686 निक्षय मित्र पंजीकृत हुए हैं। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा, डीपीएम सृष्टि मिश्रा, डीपीसी आलोक दुबे, अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स-रे एवं जीन एक्सपर्ट मशीन ट्रु नाट का उपयोग

रायपुर के मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त सहसंचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला की उपस्थिति में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को प्रशस्ति पत्र सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के नेतृत्व में सभी स्टाफ ने प्राप्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रकार के घटक सम्मिलित हैं, जिसमें मरीज के लिए जांच की सुविधा जिले में निःशुल्क उपलब्ध है। इसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स-रे एवं जीन एक्सपर्ट मशीन ट्रु नाट का उपयोग किया जाता है, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में माइक्रोस्कोपिक जांच सुविधा उपलब्ध है।

### जनवरी से अप्रैल तक 367 मरीजों की हुई पहचान

इलाज के लिए मरीज को छः माह का डॉट्स का उपचार दिया जाता है, जो निःशुल्क है। मरीज को निक्षय पोषण योजना अंतर्गत इलाज अवधि के दौरान एक हजार की नकद सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से शासन द्वारा प्रदान की जाती है। इस वर्ष जनवरी से लेकर अप्रैल तक 367 मरीज पहचाने गए हैं, जो उपचार ले रहे हैं। टीबी मुक्त भारत अंतर्गत जिले में एक सौ दिवसीय निक्षय निरामय अभियान 7 दिसम्बर 2024 से 23 मार्च 2025 तक चलाया गया, जिसमें जिले की 94 प्रतिशत जनसंख्या की सर्वे के माध्यम से टीबी स्क्रीनिंग की गई।

# चपरासी की जख्मी लाश नाले में मिली, हत्या की आंशका



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

रायपुर सिमगा नेशनल हाईवे में आईकान सिटी के समीप गड़रिया नाला में एक युवक की लाश मिली है। जिसके सीर एवं चेहरे को पत्थर से कुचला गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

■ शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया था सिमगा

गुरुवार की सुबह गड़रिया नाला में लाश मिलने की खबर पर सिमगा पुलिस मौके पर पहुंची। शव नाले के किनारे दुसरी छोर पर था, जो नेवरा थाना के सीमा में आता है। इसकी सूचना पर नेवरा पुलिस मौके पर पहुंच विवेचना में जुट गई।

जानकारी के अनुसार मृतक लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट 45 वर्ष ग्राम सांकरा निवासी की अज्ञात व्यक्ति द्वारा गड़रिया नाला के नीचे सीर व चहेरे पर वजनी पत्थर से कुचल कर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई है। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिए थाना प्रभारी सहित क्राइम ब्रांच की टीम एवं डॉग स्काट की टीम मौके पर उपस्थित थे । मौके मुआयना के पश्चात अज्ञात आरोपी संदिग्धों से पुलिस पुछताछ जारी हैं। नेवरा थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक मंत्रालय में अनुकंपा नियुक्ति में सिंचाई विभाग में पदस्थ था, जो पिछले 15 दिनों से कार्य से अनुपस्थित था। वह अपने गांव में चाचा की लड़की के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने सांकरा आया था। बताया जाता है कि वह शराब पीने का आदी भी था। घटना स्थल पर शराब की खाली बोतलें एवं पानी पाउच डिस्पोजल एवं खाने पीने की चीज पड़ी हुई थी, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक के साथ और भी व्यक्ति रहे होंगे जो साथ में शराब पीये होंगे। इस दौरान किसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया होगा कि आरोपी ने हत्या जैसे घटना को अंजाम दे दिया।

# जैन समाज ने मनाया अक्षय तृतीया का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



नगर जैन समाज ने प्रथम दान महापर्व अक्षय तृतीया पर्व उत्साह से मनाया। जैन मंदिर परिसर के बाहर जैन महिला मंडल द्वारा गन्ने का रस आने जाने वाले लोगों को विनयपूर्वक वितरित किया गया। जैन महिला मंडल के अध्यक्षा सुमन जैन, ममता जैन, ज्योति जैन, नविता जैन, सारिका जैन, सुनिधि जैन, सुहाना जैन, गुड़िया पृषा जैन, वान्या जैन आदि के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ। समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव अमित जैन, मितेंद्र जैन ने बताया कि हमारे महिला मंडल का कार्य अतुलनीय है। समाज के सभी पर्व में बड़े ही उत्साह से भाग लेते हैं हम उनके आभारी हैं। कार्यक्रम में समाज के उपाध्यक्ष संजय जैन, मितेंद्र जैन, सुभाष जैन, सुधीर जैन, अक्षय जैन, निक्की जैन, संदीप जैन, जितेंद्र जैन, मचल जैन, पुजारी जी, प्रियांशु जैन आदि की उपस्थिति थी।

# जाति जनगणना पर राहुल की जीत, कांग्रेस ने ढोल बजाकर मनाया जश्न और बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में जाति जनगणना किए जाने की घोषणा का श्रेय मोदी सरकार ले रही है। इस विषय में कांग्रेसजनों ने इसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वर्षों से जाति जनगणना की मांग करते रहने की बात कही और इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया। कांग्रेसजनों ने इस अवसर पर ढोल नगाड़े बजाकर एवं मिठाइयां बांटकर राहुल गांधी की जीत निरूपित किया।

स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्र घृतलहरे ने कहा कि जाति जनगणना सर्वेक्षण राहुल गांधी के संघर्ष का परिणाम है। कांग्रेसजनों द्वारा ढोल नगाड़े बजाया गया एवं मिठाइयां बांटी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, मनोज प्रजापति, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, गोविंद पात्रे, सुभाष राव, धमेंद्र वर्मा, संदीप साहू, आयुष भतपहरी, ग्रेवेंद्र साहू, प्रवीण सेन, हेमंत वर्मा, भावेश वर्मा, जय ठाकुर, सोनू ठाकुर, भूपेन्द्र सेन, अजय भारती सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## अक्षय तृतीया पर सर्व ब्राम्हण समाज ने चौराहे का किया नामकरण

# एफसीआई चौराहा अब परशुराम के नाम पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

अक्षय तृतीया पर सर्व ब्राह्मण समाज बलौदाबाजार द्वारा कलेक्ट्रेट रोड स्थित अपेक्स राइस मिल के समीप एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम के नाम पर चौराहे का नामकरण कर उसे भगवान परशुराम चौक नाम दिया गया।

अक्षय तृतीया के दिन कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय विप्र वाटिका में भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे। पूजा उपरांत श्रद्धालुओं के सान्निध्य में चौराहे के नामकरण का अनावरण पं. गणेश प्रसाद मिश्र के करकमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलम दीक्षित ने की। इस आयोजन में ब्राह्मण समाज की महिला, पुरुष, युवाओं समेत अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने तथा समाज में सद्भाव एवं संस्कृति की रक्षा हेतु एकजुट होने का आह्वान किया।



### ब्राह्मण समाज की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनेगा चौक

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज बलौदा बाजार के अध्यक्ष पं. श्याम शुक्ला ने उपस्थितजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह चौक अब ब्राह्मण समाज की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को भगवान परशुराम के जीवन दर्शन से जोड़ने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, विष्णुधर दीवान, रमेश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, छवि श्याम दुबे, नरेंद्र शुक्ला, राजकुमार तिवारी, सुशील तिवारी, राजीव लोचन शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला, संतोष तिवारी, युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नितेश शर्मा, पूर्व पार्षद संकेत शुक्ला, अभिषेक तिवारी, संजय पांडेय, प्रसन्न दीवान, डॉ. विनोद शुक्ला, कृष्णा द्विवेदी, मनोज दुबे, पीयूष मिश्रा, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, शिशिर त्रिवेदी, आशुतोष मिश्रा, अविनाश मिश्रा, अरविंद पांडेय, महिला समाज की पूर्व अध्यक्ष ▸▸ शेष पेज 13 पर

# रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद आज ग्रहण करेंगे पदभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी

रजककार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक का पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह 3 मई दिन शनिवार को राजधानी रायपुर में रखा गया है। 3 मई की दोपहर 2 बजे से मेडिकल कॉलेज सभागृह अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम रायपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक परिचर्चा होगी। वहीं शाम 5 बजे अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में रजककार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक का पदभार ग्रहण कार्यक्रम होगा। पदभार ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता आदिम जाति विकास कल्याण मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव विजय शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, मंत्री दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा, ओपी चौधरी, केदार कश्यप, श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, लखन लाल देवांगन, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, दीपेश साहू, ईश्वर साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। रजककार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सामाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।



# उपार्जन केंद्रों से धान उठाने उठाने की अवधि माहभर पहले खत्म, अब तक 30 जिलों में जमा है स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को उपार्जन केंद्र यानी खरीद केंद्र से उठाने के लिए सरकार ने 31 मार्च तक की अवधि तय की थी। यह समय सीमा बीते अब एक महीना पूरा हो गया है, लेकिन राज्य के 33 में से 30 जिलों के सैकड़ों उपार्जन केंद्रों में धान का स्टॉक जमा है। खास बात ये है कि इस बीच 14 नवंबर से धान खरीदी होने के बाद साढ़े चार महीने बीत चुके हैं। इस बीच भारी गरमी की वजह से धान सूखा और उसका वजन भी कम हो गया है, इसकी पूरी जिम्मेदारी सोसायटियों के प्रबंधकों पर आ गई है। उन्हें धान या धान की कीमत देने के लिए दवाब डाला जा रहा है, अगर ऐसा नहीं किया तो एफआईआर करने की चेतावनी भी दी गई है।

- 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से उठाना था धान



## 1 लाख 39 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं

राज्य में इस समय तक यानि 1 मई की स्थिति में राज्य के उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 39 हजार 985.75 मीट्रिक टन धान जमा है। राज्य केवल तीन जिले ऐसे हैं जहां उपार्जन केंद्रों से पूरा धान उठाया जा चुका है। इन जिलों में जांजगीर चांपा, कोरिया और सरगुजा शामिल हैं। बाकी के सभी 30 जिलों में धान की अलग-अलग मात्रा मार्कफेड के रिकार्ड में नजर आ रही है। कई जिलों में अधिक कुछ में यह मात्रा कम है। इस बीच पिछले दो-तीन दिनों से बेमौसम बारिश से धान भीगने का खतरा हो गया है। अभनपुर के समीप जौंदा में मार्कफेड के संग्रहण केंद्र में रखा धान भीगने की जानकारी मिली है। यहां धान का स्टेक खुला है और धान भीगा है।

## 31 मार्च तक उठाना था धान

राज्य में धान खरीदी शुरु होने के पहले सरकार ने एक नीति जारी की थी। इस नीति में कहा गया था कि खरीद केंद्र में भंडारित समस्त धान को मार्कफेड द्वारा 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से उठाया जाए। इसी नीति में ये भी साफ किया गया है कि उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान के लिए कोई सूखत की मात्रा मान्य नहीं होगी। यह भी कहा गया था कि जिन केंद्रों में बफर लिमिट हो वहां धान का यथाशीघ्र उठाव करना है।

## सोसाइटी संचालकों पर संकट

राज्य के उपार्जन केंद्रों से धान का स्टॉक उठाने में देरी से सोसाइटियों के प्रबंधकों पर भारी परेशानी आई है। दरअसल साढ़े चार महीने धान जमा होने इस बीच भीषण गर्मी पड़ने से धान सूखा है और उसका वजन कम हुआ है। अब सोसाइटी प्रबंधकों से कहा जा रहा है कि वे या कम हुए धान की मात्रा के बराबर धान जमा कराए, या 2300 रुपए क्विंटल के हिसाब से राशि जमा करें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ एफआईआर करवाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार अकेले रायपुर जिले की सोसाइटियों में करीब 12 करोड़ के धान की कमी आई है। इस संबंध में प्रबंधकों को नोटिस जारी की गई है। इस मामले को लेकर दो दर्जन से अधिक सोसाइटियां हाईकोर्ट की शरण में गई है। बताया गया है कि इन मामलों पर हाईकोर्ट से 5 मई को फैसला आ सकता है।

## खबर संक्षेप



### बर्खास्त बीएड शिक्षकों के जीवन में लौटी खुशियां, सीएम से मिले

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल से छत्तीसगढ़ के 26 सौ से अधिक बीएड अर्हताधारी बर्खास्त सहायक शिक्षकों के जीवन में खुशियां लौट आई हैं। प्रदेश सरकार ने बर्खास्त शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले से राज्य के 2600 से अधिक युवाओं का भविष्य एक बार फिर संवर गया है। मुख्यमंत्री से आज मुख्यमंत्री निवास में बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उनसे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री के साथ आपके नौकरी के संबंध में लगातार चर्चा होती थी। हमारे मुखिया इतने संवेदनशील है कि उन्होंने पहले ही दिन कहा था कि जितना भी आर्थिक बोझ पड़े राज्य सरकार अपने युवाओं के भविष्य को खतरे में नहीं डालेगी।

### पहलगाम पीड़ित मिरानिया परिवार को सरकार देगी 20 लाख रुपए : सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि राज्य सरकार दिवंगत दिनेश मिरानिया के शोकाकुल परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में रायपुर के दिनेश मिरानिया की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए इसे प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति कहा। उन्होंने कहा कि पूरा छत्तीसगढ़ इस दुःखद घड़ी में मिरानिया परिवार के साथ है। यह केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की क्षति है। श्री साय ने कहा कि जो आतंकवादी इस जघन्य कृत्य के दोषी हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा अवश्य मिलेगी। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि देश की सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में शीघ्र न्याय सुनिश्चित करेंगी।

### रायपुर में गीता महादान कार्यक्रम जल्द



**रायपुर।** रामराज फाउंडेशन द्वारा जल्द ही रायपुर में "गीता महादान" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्पिरिचुअल स्पीकर्स के साथ रॉक बैंड को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर गीता पुस्तक के साथ ऑडियो टेप का भी वितरण किया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति गीता ज्ञान को जीवन में उतार सके। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि यदि किसी आम नागरिक को रास्ते में कोई जरूरतमंद दिखाई देता है तो वह हमसे संपर्क करता है। इंस्टाग्राम या व्हाट्स एप द्वारा हम 300 से 500 लोगों के लिए तुरंत प्रसादम तैयार कराकर अपनी टीम के माध्यम से निशुल्क वितरण कराते हैं। इसके लिए किसी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। संस्था में सेवाभावी एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं।

निगम आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के सीएमओ को परिपत्र जारी

डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिए पानी का जमाव हटाने के निर्देश

# सभी नगरीय निकायों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने इसके लिए सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। विभाग ने कहा, मौसमी बीमारियों एवं दूषित पेयजल से होने वाले रोगों के प्रति सचेत रहते हुए इनकी रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संचालनालय से सभी निकायों को जारी परिपत्र में 15 जून के पहले नलकूप स्त्रोतों को क्लोरीन या सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा गया है कि नगरीय निकायों में स्थापित एवं संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के फिल्टर बेड का संधारण तथा शहरों की उच्च स्तरीय पानी टंकियों की सफाई का काम 10 जून तक पूर्ण करें। विभाग ने जल प्रदाय वाली पानी टंकियों की साल में कम से कम दो बार सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। टंकी सफाई की तिथि टंकी के कालम में अंकित किया जाए। नगरीय प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए कि जल प्रदाय के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट को तत्काल सुधारे। सार्वजनिक नलों और हैण्डपम्पों के आसपास पर्याप्त सफाई रखने तथा जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि निकाय में स्थापित होने वाले नवीन हैण्डपम्पों को भविष्य में संधारण के लिए सूचीबद्ध करें। डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए खाली जगहों में जमा पानी, कूलर, पानी की टंकी, बर्तन, फ्रीज के ट्रे, टॉयर तथा अन्य वस्तुओं में पानी के जमाव को खाली कर साफ-सुथरा रखने के भी निर्देश विभाग ने नगरीय निकायों को दिए हैं।




### पेयजल में क्लोरीन की मात्रा की करें जांच

सतही स्त्रोत पर आधारित पेयजल योजनाओं में जल उपचार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में करने के बाद क्लोरीनयुक्त जल शहरों में प्रदाय किया जाता है। सामान्यतः इस प्रकार की व्यवस्था में पानी के दूषित रहने की संभावना नहीं रहती है जब तक कि वितरण प्रणाली में बाहर से गंदा पानी न मिल रहा हो। विभाग ने अभियान चलाकर वितरण प्रणाली के अंतिम छोरों के सभी जल नमूनों की पुनः जांचकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पम्पिंग मेन एवं वितरण प्रणाली के लीकेजों की तत्काल मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### पानी दूषित मिलने पर करें जीवाणुरहित

नगरीय प्रशासन विभाग ने नलकूपों पर आधारित पेयजल योजनाओं में नलकूप स्त्रोत, सम्पवेल, उच्च स्तरीय टंकी एवं वितरण प्रणाली के अंतिम छोरों से पेयजल नमूना एकत्र कर हाइड्रोजन सल्फाइड किट के माध्यम से जांच करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर जल का नमूना दूषित पाए जाने पर ब्लीचिंग पाउडर के घोल या लिक्विड सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर जीवाणुरहित करें। जीवाणुरहित करने के एक सप्ताह बाद पुनः उसका परीक्षण करें। जल के नमूने के पुनः दूषित पाये जाने पर विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजें तथा आवश्यक मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर का घोल उच्च स्तरीय टंकी में डालने के बाद ही जलप्रदाय करें।

### कोलीफार्म बैक्टीरिया की जांच के लिए लें सैंपल

पेयजल में कोलीफार्म बैक्टीरिया की नियमित जांच के लिए तीन स्थानों से सैंपल लेकर जांच करना चाहिए। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीटमेंट के बाद प्राप्त होने वाले जल का प्रत्येक घंटे में, स्टोरेज टंकियों से प्रतिदिन दो बार और प्रत्येक बस्ती के कम से कम दो-तीन घरों से प्रतिदिन पानी का सैम्पल लेकर कोलीफार्म बैक्टीरिया की जांच की जाना चाहिए। जल के नमूने में कोलीफार्म बैक्टीरिया मिलने पर उस जल स्त्रोत से पेयजल का प्रदाय तत्काल रोक देना चाहिए। जल सैम्पल की जाँच में कोलीफार्म अनुपस्थित होने पर ही पेयजल का दोबारा प्रदाय प्रारंभ किया जाये।

### लगातार करें निरीक्षण

विभाग ने पेयजल में रेसीड्यूवल क्लोरीन न मिलने या कोलीफार्म बैक्टीरिया मिलने पर तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके निराकरण के लिए अवगत कराएं। नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी जगहों पर संधारित रजिस्टरों का निरीक्षण कर हस्ताक्षर भी करना है।

मुख्यमंत्री कल करेंगे भूमिपूजन

# नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 3 मई को सवेरे 11.30 बजे अटल नगर नवा रायपुर स्थित सेक्टर-22 में एआई डेटा सेंटर पार्क का भूमिपूजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस एआई एक्सक्लूजिव डाटासेंटर पार्क की लागत 1000 करोड़ रुपए होगी, यह 13.5 एकड़ में होगा। इसमें 2.7 हेक्टेयर एरिया स्पेशल इकानामिक जोन के विकास के लिए होगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि दुनियाभर में डाटा सेंटर की मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की बुनियाद डाटा सेंटर पर होती है। रैस बैंक डाटा सेंटर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसका भूमिपूजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लगातार कोर सेक्टर के साथ ही आधुनिक जमाने के अनुरूप नये उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संकल्पित रूप से काम किया जा रहा है। बीते दिनों प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट के लिए भी भूमिपूजन किया गया। इसकी लागत 1163 करोड़ की है।



### रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी

उल्लेखनीय है कि डाटा सेंटर एआई को संचालित करने के लिए सबसे उपयोगी टूल होते हैं। एआई लार्ज लैंग्वेज माडल पर काम करते हैं और डाटा माइनिंग का काम करते हैं। जब भी डाटा माइनिंग होती है बड़े पैमाने पर ऊर्जा लगती है और इसके लिए डाटा सेंटर उपयोगी होते हैं। भविष्य की प्रगति इस बात पर निर्भर है कि हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर किस तरह से आगे बढ़ेंगे। भारत अपना स्वयं का एआई माडल तैयार कर रहा है। अटल नगर में डाटा सेंटर के आने से रोजगार की बड़ी संभावनाएं भी पैदा होगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एनर्जी समिट किये गये हैं जिससे छत्तीसगढ़ देश के पावर हब बनने की दिशा में बढ़ेगा। ऐसे में डाटा सेंटर पार्क के माध्यम से इस संभावना का भरपूर उपयोग हो सकेगा।

# गुरु बालक दास की प्रतिमा स्थापित विधायक संदीप साहू हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बलौदाबाजार जिले के ग्राम फुण्डराडीह में शुक्रवार को संत शिरोमणि गुरु बालकदास की मूर्ति की स्थापना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए और मूर्ति का अनावरण कर गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक संदीप साहू ने कहा गुरु बालक दास हमारे समाज के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनके विचार आज भी हमें मानवता, सेवा और समरसता की सीख देते हैं। उनकी मूर्ति की स्थापना केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को जागृत करने वाला कार्य है। मैं ग्रामवासियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में एकता और भाईचारे को आगे बढ़ाएंगे। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में जनसेवक धन्नू साहू, सरपंच खिलावन ध्रुव, उपसरपंच नीतू मन्नू राय, ग्राम प्रमुख प्रभु बंजारे, घनश्याम बंजारे, कार्तिक बघेल, रामस्वरूप राय, झनकु बघेल, रवि बंजारे, रेणु वर्मा, हीरा वर्मा, विजय, राजू राय, सेवक राम ध्रुव, देवलाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी ने गुरु बालक दास के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को याद किया।



# साय बोले- वक्फ बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं

## व्याख्यान माला में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संशोधित वक्फ बिल के फायदे बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वक्फ सुधार जनजागरण अभियान समिति रायपुर द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 विषय पर मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित व्याख्यान माला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुराने वक्फ बिल की विसंगतियों को दूर करने का प्रयास नए वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के माध्यम से किए जा रहे हैं, ताकि मुस्लिम समुदाय के पिछड़े और गरीब तबके के लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जा सके और उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 मुसलमानों के हित में है और इसका लाभ सभी मुसलमानों को होगा। यह बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं है। विषय-विशेषज्ञों एवं समाज के सभी तबके से सलाह मशवरा कर यह कानून लाया गया है।

व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से रिफार्म किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, चाहे जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो या ट्रिपल तलाक जैसे कानूनों को समाप्त कर मुस्लिम समाज के महिलाओं को हक दिलाने की बात हो, यह सभी कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। अब वक्फ बिल के माध्यम से पिछड़े मुसलमानों को उनका हक दिलाते हुए वक्फ बोर्ड की गड़बड़ियों को दूर कर सकारात्मक सुधार का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. जितेंद्र ने कहा, हमारी सरकार का प्रयास है कि वक्फ के माध्यम से समाज के वास्तविक लोगों को ही इसका फायदा मिल सके। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से यूपीए सरकार द्वारा आनन-फानन 2013 में वक्फ कानून में किए संशोधन से हुए नुकसान एवं विसंगतियों के बारे विस्तृत से जानकारी दी। साथ ही वर्तमान वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 से होने वाले फायदों एवं विसंगति प्रावधानों के हटाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा, आज वक्फ कानून के संबंध में जो गलतफहमी समाज में फैलाई जा रही है, उससे हम सब को बचना है और नए वक्फ कानून की वास्तविकता को पहचाना एवं जानना है। हमारे विभाग द्वारा भी जिला स्तर से लेकर विकासखंडों तक ऐसे जागरण या व्याख्यान माला का आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर में पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, धमतरी महापौर रामू रोहरा छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज सहित मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी विशिष्ट पहचान : नेताम

# जनजातीय संग्रहालय नवा रायपुर में बनकर तैयार म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक नवा रायपुर में देखने को मिलेगी। यह संग्रहालय लगभग बनकर तैयार हो चुका है। आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने इसका निरीक्षण किया। यह ट्रायबल म्यूजियम छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन शैली, संस्कृति एवं परंपरा पर आधरित है। एक ही छत के नीचे तैयार हो रहे म्यूजियम में छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपरा से पर्यटक रूबरू हो सकेंगे। मंत्री श्री नेताम ने निरीक्षण के दौरान कहा, संग्रहालय के मूर्त रूप में आ जाने के बाद निश्चित ही छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। जल्द ही आदिवासियों की जीवन शैलियों पर आधारित म्यूजियम पर्यटकों के लिए समर्पित होगा। इसकी तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक एवं एआई की मदद ली जा रही है। सभी पारंपरिक सामग्रियों का क्यूआर कोड तैयार कराया जा रहा है। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही उस विधा-सामग्री की पूरी जानकारी मोबाइल पर देखी जा सकेगी। इस मौके पर विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, टीआरआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, उप सचिव बीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता त्रिदीप चक्रवर्ती सहित विभागीय इंजीनियर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### राज्य में 42 प्रकार की जनजातियां

गौरतलब है कि यह ट्रायबल म्यूजियम में जनजातीय जीवनशैली, उनके रहन-सहन, निवास गृह, पूजा पद्धति (देवगुड़ी), उनकी वेशभूषा, उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विशेषताओं को जीवंत प्रदर्शित किया गया है। छत्तीसगढ़ में 42 प्रकार की जनजातियां मुख्यतः निवास करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 72 लाख व शहरी क्षेत्रों में लगभग 5 लाख जनजाति जनसंख्या निवास करती है।

छत्तीसगढ़ की केयरएज स्टेट रैंकिंग में शानदार छलांग

# टॉप राज्यों की दौड़ में बनाई नई पहचान, मुख्यमंत्री ने जताया गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में छत्तीसगढ़ ने 3 स्थान की छलांग लगाई है। शासन, सामाजिक विकास और आर्थिक मजबूती के दम पर राज्य 14वें से 11वें स्थान पर पहुंचा है। देश के बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़ ने केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास कराया है। 2023 की तुलना में इस बार राज्य का समग्र स्कोर 34.8 से बढ़कर 40.9 हो गया है। इस प्रगति ने दिखा दिया कि छत्तीसगढ़ अब शासन, आर्थिक प्रबंधन और सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को सभी छत्तीसगढ़वासियों की जीत बताया। उन्होंने कहा, यह आंकड़े हमारी पारदर्शी नीतियों, जन-भागीदारी और जन-सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब कल्याण में हमारी प्राथमिकताएं स्पष्ट रही हैं, वहीं निवेश और रोजगार को भी नया बढ़ावा मिला है।

### आर्थिक क्षेत्र में 9.9 अंकों की जबरदस्त बढ़त

रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ ने आर्थिक प्रदर्शन के पैमाने पर 9.9 अंकों की बढ़त के साथ 12वें से 7वें स्थान पर छलांग लगाई है। यह राज्य की आकर्षक औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और वित्तीय अनुशासन का नतीजा है। राज्य का जीएसटी संग्रहण और बजट प्रबंधन पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी और प्रभावशाली हुआ है, जिससे राजकोषीय स्थिति सशक्त हुई है।

### शासन-प्रशासन में 14.2 अंकों की शानदार छलांग

छत्तीसगढ़ ने शासन-प्रशासन के क्षेत्र में भी 14.2 अंकों की प्रगति की है। यह प्रगति पब्लिक सर्विस डिलीवरी, कानून व्यवस्था और डिजिटल गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में सुधार का परिणाम है।

### सामाजिक क्षेत्र में भी 17.8 अंकों की रिकॉर्ड प्रगति

सामाजिक सूचकांकों की बात करें तो रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य ने साक्षरता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आय समानता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किया है। यह प्रगति राज्य के विकास मॉडल को समावेशी और टिकाऊ बनाती है।

### 50 संकेतकों के आधार पर हुआ मूल्यांकन

2025 की रैंकिंग में 50 संकेतकों पर राज्यों का मूल्यांकन किया गया, जो 2023 के 46 संकेतकों से अधिक हैं। इन संकेतकों में राज्य की अर्थव्यवस्था वित्तीय स्थिति, बुनियादी ढांचा, प्रशासन और पर्यावरण शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### तूफान से घर का शेड उड़ा

**गोपालपुर।** जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के आश्रित गांव भाठा खम्हरिया में 1 मई को शाम 7 बजे आयी तूफान ने तबाही मचा दी। उस दौरान भाठा खम्हरिया के बेदबाई बाबूलाल निषाद के मकान के टीन को तूफान उड़ा ले गया। बेदबाई बाबूलाल ने बताया कि काम के तलाश में मेरी पति अन्य प्रदेश गये हैं। तूफान मकान के सीट को उड़ा ले जाने पर घरेलू समान को नुकसान हुआ है। उक्त मकान के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी हल्का पटवारी को दे दी गई है। बेदबाई बाबूलाल निषाद ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में सेक्रेट हार्ट स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बलौदाबाजार।** जिले की एक मात्र इंग्लिश मीडियम सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल में इस वर्ष 2024–25 की आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 101 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस स्कूल में पांच बच्चों ने 93 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया था तथा पांच छात्र जागृति कन्नौज, दीक्षा साहू, सुमन खाटेकर, दामिनी पैकरा, मेघा ध्रुव ने हिंदी में 100 में 100 अंक अर्जित किया। इस वर्ष सेक्रेट हार्ट स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की छात्रा योग्यता वर्मा 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की। दूसरा स्थान दीक्षा साहू 92.6 प्रतिशत, तीसरे स्थान अभिराज कृष्ण देव 91.6 प्रतिशत, चौथे स्थान पर है। अनमोल पवार 96.6 प्रतिशत पांचवें स्थान पर आदित्य हरि रमानी 90.4 अंक प्राप्त किया था। स्कूल में 60 विद्यार्थी ने डिस्टिंक्शन 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। 35 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। 7 विद्यार्थियों ने 55 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। इस तरह स्कूल का इस वर्ष का बोर्ड दसवीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और कहा गया उत्कृष्ट परिणाम से विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत शिक्षकों का समर्पण और अभिभावकों का सहयोग का यह प्रतिफल है। इस स्कूल के दसवीं के अधिकांश छात्र बोर्ड परीक्षा पास करने के बाद अपने बेसिक एजुकेशन को बनाने के लिए राजस्थान, भिलाई, रायपुर, बॉम्बे, जैसे महानगरों में अपनी आगे की पढ़ाई के लिए गये हैं।

### नवागांव स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा आठवीं में 86.8 प्रतिशत के साथ डोमेशवरी बरिहा प्रथम, 85.7 प्रतिशत के साथ हिना बरिहा द्वितीय व प्रेरणा निर्मलकर ने 84.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में गौरव निर्मलकर 83 प्रतिशत के साथ प्रथम, रुखमणी 82 प्रतिशत के साथ दूसरे व 81 प्रतिशत के साथ यामिनी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठवीं में पूनम निषाद 89 प्रतिशत, रश्मि सिन्हा 88 प्रतिशत, रागिनी सिन्हा 87 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को प्राप्त किए। सभी छात्रों को संस्था की ओर से फोल्डर फाईल एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया गया।

## पेज 11 के शेष

### पांच जनपदों की ...

वर्ष 21 अगस्त से संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसके तहत बलौदाबाजार–भाटापारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रहने वाले नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाता है।

### एफसीआई चौराहा ...

शैलजा मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. निशा झा, महिला समाज अध्यक्ष ऋचा द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## आक्रोश : एफआईआर के विरोध में बिफरे समिति कर्मचारी

# उपार्जन केंद्र से धान उठाव में देरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया पूर्ण हुए महीनों बीत चुके हैं, लेकिन अब तक जिले के कई उपार्जन केन्द्रों में धान का पूर्ण उठाव नहीं हो पाया है। नियमतः 28 फरवरी तक धान का उठाव हो जाना था, लेकिन अभी तक लगभग 35 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है। ऐसी स्थिति में धान सुखत होने पर गड़बड़ी का नाम देकर समिति पर प्रशासन द्वारा एफआईआर कराया जा रहा, जिसका समिति ने खुलकर विरोध किया। आज बड़ी संख्या में जिलेभर से समिति कर्मचारी संघ ने अपनी समस्या एवं मांगों को लेकर कलेक्टर बलौदाबाजार के नाम ज्ञापन सौंपा। एकतरफा प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर संघ में रोष व्याप्त है तथा मांग पूरी न होने के स्थिति में आंदोलन किये जाने की बात कही जा रही है। ज्ञात हो कि कल पलारी विकासखण्ड स्थित जारा के उपार्जन केंद्र में धान गड़बड़ी के आरोप में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कराई, लेकिन आज, उसी प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में समिति कर्मचारी संघ कलेक्टर से मिलने पहुंचा। समिति के जिलाध्यक्ष मनीराम कैवर्त्तय का कहना है कि नीतिगत खामियों और परिवहन में देरी के कारण धान का उठाव समय पर नहीं हो पाया, जिससे नुकसान हुआ। अब कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कर देना उनकी दुर्दशा को और बढ़ा रहा है। हम दिन–रात मेहनत करते हैं। धान खुले में पड़ा रहता है, चुहे, दीमक, बारिश और धूप से क्षति होती है। ये सब हम नहीं रोक सकते, फिर भी सारा दोष कर्मचारियों पर मढ़ा जा रहा है। ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष मोहन डहरिया का कहना है कि हम डर के माहौल में काम कर रहे हैं। एक तरफ शासन कहता है श्सहकार से समृद्ध और दूसरी तरफ हम जैसे कर्मचारियों को अपराधी बना दिया जाता है। क्या यह कार्रवाई न्यायसंगत है या फिर एक कमजोर कड़ी को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ, बलौदाबाजार–भाटापारा ने जिलाधीश महोदय के नाम ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि जिले की 129 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 166 उपार्जन केन्द्रों द्वारा 31 जनवरी तक धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। नियमानुसार धान खरीदी के अंतिम दिन से एक माह के भीतर पूरा धान उठा लिया जाना चाहिए था। लेकिन, परिवहन नीतियों में गड़बड़ी और प्रशासनिक उदासीनता के चलते अब तक अधिकांश समितियों में धान का उठाव अधूरा है।

### चूहा, दीमक पहुंचा रहे नुकसान

इस देरी के चलते उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान प्राकृतिक रूप से सूख रहा है और चूहे, दीमक, तेज धूप जैसी समस्याओं से बोरियों सहित धान को नुकसान हो रहा है। इससे न केवल आर्थिक क्षति हो रही है, बल्कि समितियों को अतिरिक्त हमाली, चौकीदारी और बिजली बिल का भी सामना करना पड़ रहा है। संघ ने अपने ज्ञापन में निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं हैं। अवशेष धान का शीघ्र उठाव किया जाए और सुखत व अन्य क्षति की भरपाई शासन द्वारा की जाए। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी शून्य प्रतिशत शार्टेज प्रोत्साहन राशि का प्रावधान कर समितियों को प्रोत्साहित किया जाए। पूर्व वर्षों से लंबित ब्याज अनुदान राशि शीघ्र जारी की जाए।

# ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र में समर कैंप शुरू






हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

इस वर्ष भी ग्रीष्मावकाश में खरोरा के ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में एक मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में खरोरा नगर के विभिन्न विद्यालयों से सभी आयु वर्ग के पढ़ने वाले बच्चे भाग ले रहे हैं। इस कैंप के माध्यम से बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। खेल खेल में उन्हें ध्यान, मन को एकाग्र करना, ट्रैफिक नियमों की जानकारी, स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों को अपनाना, प्रकृति के प्रति प्रेम, पशु पक्षियों के प्रति दयालुता जैसे मानवीय मूल्यों की शिक्षा दी जाती है। प्रतिदिन ब्रह्माकुमारी उमा दीदी बच्चों को आत्मा परमात्मा का ज्ञान, संसार के चक्र की जानकारी देने के साथ राजयोग का अभ्यास करवा रही हैं। ब्रह्माकुमारी दीदियां बेकार पड़ी वस्तुओं से रचनात्मक चीजों का निर्माण, ड्राइंग पेंटिंग, जुंबा डांस एरोबिक्स आदि सीखा रही है, जिसका बच्चे भरपूर आनंद ले रहे हैं। सेवा केन्द्र के सभी सदस्य इस कार्य में सहयोग दे रहे हैं।

# केंद्र सरकार ने मान ली राहुल गांधी की मांग : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने अंततः कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग को स्वीकार कर लिया। यह कांग्रेस और विपक्ष की बड़ी जीत है। सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि यह कब तक होगा और किस तरह होगा यह प्रश्न अनुत्तरित है, किंतु होगा जरूरी। आजादी के पहले 1931 में जातिगत जनगणना हुई थी, उसके बाद अभी तक इस विषय में कोई काम नहीं हुआ। अनुसूचित जाति और जनजाति की गणना निरंतर की गई, जिसका परिणाम भी दिखाई देता है, जिस तादात में इस वर्ग के लोगों का शासन प्रशासन में प्रतिनिधित्व हुआ है वह सराहनीय है, किंतु इस वर्ग में भी लाभान्वित जातियां सीमित ही हैं। बहुत जातियां अभी भी वंचित ही हैं। सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि अन्य पिछड़ी जातियों की अनंत संख्या है। केंद्र और राज्यों में मापदंड भी अलग-अलग है। इस वर्ग के गिने चुने जातियों का वर्चस्व है। अन्य पिछड़ी जातियां मुख्य धारा में आने की प्रतीक्षारत हैं। ऐसे में आगामी जनगणना में जातीय जनगणना के शामिल होने से जातीय विकास में विसंगति का पता लगा सकेगा।



सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी विगत वर्षों में हर वर्ग के लोगों से मिलकर बात की है, कश्मीर से कन्या कुमारी तक पदयात्रा कर देश को समझा, इसलिए वे जाती जनगणना पर जोर देते हैं, ताकि सभी जाती के लोगों की शासन प्रशासन में भागीदारी हो सके। नरेंद्र मोदी सरकार जो जाती जनगणना की मुखर विरोधी रही, अचानक ह्दय परिवर्तन का कारण पहलगाम हमला या जाती जनगणना न करने पर होने वाली हानि के मद्देनजर यह निर्णय आया है। बहरहाल किसी कारण भी यह निर्णय आया है स्वागत योग्य है और कांग्रेस की जीत है।

# समाधान शिविर में श्रवण यंत्र पाकर चंद्रिका की दुनिया में लौटी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लवन तहसील के ग्राम खटियापाटी की 17 वर्षीय चंद्रिका साहू के लिए हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार किसी वरदान से कम नहीं रहा। बचपन से ही 60 प्रतिशत तक सुनने में असमर्थ चंद्रिका ने ग्राम पंचायत में आयोजित चौपाल के दौरान अपनी परेशानी सामने रखी थी। उसके आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यन्त्र उपलब्ध कराया गया। श्रवण यन्त्र से चंद्रिका अब पूरी तरह सुन सकती है। चंद्रिका ने बताया



कि कान से सुनाई नहीं देने के कारण पढ़ाई और दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उसने चौपाल में समाजकल्याण विभाग से श्रवण यंत्र की मांग की थी, ताकि वह सामान्य जीवन जी सके। शासन ने उसकी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और समाजकल्याण विभाग के माध्यम से उसे श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने के बाद चंद्रिका ने खुशी जताते हुए कहा कि अब वह पहले की तुलना में स्पष्ट और आसानी से सुन पा रही है। उसने सरकार और प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुशासन तिहार जैसी पहल से ग्रामीणों को सीधे लाभ मिल रहा है और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो रहा है। यह घटना न सिर्फ शासन की संवेदनशीलता को दर्शाती है बल्कि यह भी साबित करती है कि यदि मंच और मौका मिले तो हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचना संभव है।

# सुशासन तिहार का तृतीय चरण 5 मई से

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तृतीय चरण 5 मई से शुरू हो रहा है, जिसमें जिले के 8 नगरीय निकायों में 48 स्थानों पर समाधान शिविर प्रातः 10 से अपरान्ह 5 बजे तक आयोजित होंगे। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मई को नगर पालिका बलौदाबाजार में वार्ड क्रमांक 3 दुर्गा चौक, नगर पंचायत लवन में स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नगर पंचायत पलारी में ठाकुर देव चौक, 6 मई को नगर पंचायत रोहांसी में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में समाधान शिविर आयोजित किये जाएंगे। इसी तरह 7 मई को नगर पालिका भाटापारा में शीतला मंदिर के पास, नगर पालिका सिमगा में शक्ति कान्वेंट स्कूल, नगर पंचायत पलारी में सरस्वती चौक, नगर पंचायत रोहांसी में ठाकुरदिया चौक, नगर पंचायत लवन में गुरुघासीदास सांस्कृतिक भवन लवन कलस्टर क्रमांक–2, नगर पंचायत कसडोल गुरुघासीदास भवन कलस्टर क्रमांक–1, 8 मई को नगर पंचायत रोहांसी में महामाया चौक, नगर पालिका बलौदाबाजार में शनि मंदिर गौरव पथ, 9 मई को नगर पालिका भाटापारा में इतवारी राम यादव शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल, नगर पालिका सिमगा में देवांगन पंचायत भवन, नगर पंचायत पलारी में रंगमंच क्लस्टर 3, नगर पंचायत रोहांसी में नीम चौक, नगर पंचायत लवन में किर्तन भवन कलस्टर क्रमांक–2, नगर पंचायत कार्यालय भवन कलस्टर क्रमांक–2, 10 मई को नगर पंचायत रोहांसी में घासीदास चौक, 11 मई को नगर पंचायत कसडोल में कर्मामाता साहू समाज भवन कलस्टर क्रमांक–3,12 मई को नगर पंचायत रोहांसी में सामुदायिक भवन बस स्टैण्ड, 13 मई को नगर पंचायत रोहांसी में दुर्गा चौक जोरा डबरी, नगर पालिका सिमगा शिव मंदिर वार्ड–5, 14 मई को नगर पालिका बलौदाबाजार में मौली चौक बलौदाबाजार, नगर पंचायत भाटापारा में नगर भवन, नगर पालिका सिमगा में सांस.तिक भवन, नगर पंचायत पलारी में नगर पंचायत कार्यालय, नगर पंचायत लवन में नगर पंचायत कार्यालय भवन कलस्टर क्रमांक–4, 15 मई को नगर पंचायत कसडोल में बजरंग चौक रंगमंच कलस्टर क्रमांक–4, नगर पंचायत लवन में नगर पंचायत कार्यालय भवन कलस्टर क्रमांक–5, 16 मई को नगर पालिका बलौदाबाजार में सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 11, नगर पालिका भाटापारा में दुर्गा मंडप के पास, नगर पालिका सिमगा में सांस्कृतिक भवन वार्ड 8, नगर पंचायत कसडोल में महामाया मंदिर परिसर कलस्टर क्रमांक–5, 19 मई को नगर पालिका बलौदाबाजार में बालक शाला, नगर पालिका सिमगा में मंगल भवन वार्ड 13, 21 मई नगर पालिका सिमगा में निषाद भवन वार्ड–13, नगर पालिका भाटापारा में मयूर स्कूल, 22 मई को नगर पालिका बलौदाबाजार में सामुदायिक भवन रानीसागर तालाब के पास, 23 मई को नगर पालिका सिमगा में भैरव नंद विद्या मंदिर वार्ड–15, नगर पालिका भाटापारा में यद्दु धर्मशाला, 26 मई को नगर पालिका बलौदाबाजार में नगर भवन, 28 मई को नगर पालिका भाटापारा में गुरुनानक सिंधी धर्मशाला, 29 मई को नगर पालिका बलौदाबाजार में कार्यालय भवन, नगर पालिका भाटापारा में सर्कश मैदान में शिविर आयोजित होगा। इसी तरह 5 से 31 मई तक नगर पंचायत टुण्डरा में चण्डी मंदिर चौक, पिलीपीर चौक, हाटबाजार, हटरी चौक, मंगल भवन, आम्बेडकर चौक, महामाया चौक, शीतला मंदिर चौक एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में समाधान शिविर संपन्न होगा।

- जिले के 8 नगरीय निकायों में 48 स्थानों पर आयोजित होंगे समाधान शिविर

# दतान स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित नवमी की मोनिका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विकासखंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में कक्षा नवमी और कक्षा ग्यारहवीं के विभिन्न संकायों का परीक्षा परिणाम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले की विशेष उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा नवमी की छात्र मोनिका ने 84 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पलक ने 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और नितेश ने 68 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा ग्यारहवीं कला में डिलेश्वर ने 62.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान वर्षा ने 62 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और गौरव ने 58 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है वहीं विज्ञान में पेमेश ने 85.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान राजनंदिनी ने 85.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और देविका ने 78.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त की है। कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य में सागर ने 68.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, एकता साहू ने 64.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और खेलेश्वरी ने 63 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त की है। इस बार नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले, हेमकुमार साहू, लालकुमार यादव, पूर्व प्राचार्य टी आर ध्रुव, मनोज वर्मा, डॉ कोमल वैष्णव, अरविंद ध्रुव, पवन कुमार साहू, देवेंद्र लहरे, आदि उपस्थित थे।

### छात्रों को दिया गया इंटर्नशिप प्रमाण पत्र



**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली विकासखंड तिल्दा में नवीन व्यवसायिक पाठ्यक्रम कक्षा 9वी से 12वीं तक व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत ऑटोमोबाइल एवं आईटी (इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी) ट्रेड संचालित किया जा रहा है। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के आदेश अनुसार इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम हर वर्ष कराया जाता है तथा इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रमाण पत्र आज के कार्यक्रम में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के बच्चों को दिया गया। कक्षा ग्यारहवीं तथा कक्षा बारहवीं के ऑटोमोबाइल और आईटी के विद्यार्थियों के द्वारा प्रेम ट्रैक्टर और मोटर पार्ट्स और ऑर्बिट ग्रुप ऑफ एजूकेशन बंगोली में इंटर्नशिप किया गया। वोकेशनल एजुकेशन इंटर्नशिप प्रोग्राम एक प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो छात्रों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करने और उन्हें उद्योग में काम करने के लिए तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है। इंटर्नशिप छात्रों को नए कौशल सीखने और अपने मौजूदा कौशल को विकसित करने में मदद करती है।

### आठवी बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत








**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरूवाडीह कला का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रथम टीना वर्मा पिता देवाराम वर्मा 92.83 प्रतिशत, द्वितीय काजल निषाद पिता नंदकुमार निषाद 91.17 प्रतिशत, तृतीय धनेश्वरी जांगड़े पिता लक्ष्मीनारायण जांगड़े 91 प्रतिशत, चतुर्थ, यामिनी निषाद पिता डॉ. सुरेन्द्र कुमार निषाद 90.50 प्रतिशत, टीना वर्मा ने संकुल मोहरेंगा में 92.83 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षक एवं प्रधानपाठक में सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# तूफान ने नगर में मचायी भारी तबाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



गर्मी के मौसम में अचानक बदले मौसम ने खरोरा नगर में भारी तबाही मचाई है। बेमौसम बारिश और तेज तूफान ने क्षेत्र के जनजीवन को पूरी तरह अस्त–व्यस्त कर दिया। मंगलवार देर रात शुरू हुई इस प्राकृतिक आपदा ने नगर के कई हिस्सों में नुकसान पहुंचाया। कई स्थानों पर पुराने पेड़ जड़ से उखड़ गए, बिजली के खंभे गिर गए और टीन शेड हवा में उड़ गए। पिछले कुछ दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे और गुरुवार को दिनभर की भयंकर गर्मी के बाद शाम होते ही मौसम ने सुखद बदलाव किया। आसमान में हल्के बादल आकर डेरा डालने लगे और करीब आधे घंटे तक गरज–चमक के साथ बारिश हुई। इस दौरान तेज हवा ने मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया। बारिश से लोग गली–मोहल्लों और घरों की बालकोनियों में आकर मौसम का आनंद लेने लगे। तापमान में होता है उतार–चढ़ाव भी देखा गया। दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस था, जबकि पिछले सप्ताह के तापमान 40 डिग्री तक गर्मी महसूस कराई गई थी।



### आधे घंटे की बारिश का लोगों ने लिया आनंद

इस बेमौसम बारिश ने न केवल गर्मी से राहत दी, बल्कि आसमान में घने बादल और बारिश के साथ सर्दी का अहसास भी दिलाया। खासतौर से बूढ़े और बच्चों ने ठंडक का अनुभव किया और बारिश में भीगने के बाद उन्होंने मौसम का आनंद लिया। वहीं, बारिश के साथ आस–पास के क्षेत्रों में अंधेरा छा गया और रात को फिर बारिश होने की संभावना जताई जा रही थी। खरोरा और आसपास के क्षेत्रों में छह बजे के आसपास हुई आधे घंटे की बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत दी और वातावरण को फिर से शीतल बना दिया। अब लोग इस सुहाने मौसम का पूरी तरह से आनंद ले रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही मौसम की उम्मीद कर रहे हैं।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी का सहयोग जरूरी

## आयोग अध्यक्ष पटेल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक, गौवंश की घटती संख्या पर जतायी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छतीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में गौवंश की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की गई। गौवंश को मनुष्य का महत्वपूर्ण सहायक प्राणी के रूप में निरुपित करते हुए गौपालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। आयोग के अध्यक्ष पटेल ने कहा कि गौ को माता माना गया है और माता की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। गौवंश एक चलता फिरता रसायन शास्त्र है, जिसमें जीवन का सार समाहित है। गोबर और गोमूत्र में विशेष औषधीय गुण होने के कारण कई खतरनाक बीमारियों का इलाज भी संभव है।

- गौपालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर

### बीमार मवेशियों का होगा इलाज

कलेक्टर दीपक सोनी ने बारिश के मौसम में गोवंश की समस्या का समाधान हेतु जिला कार्यालय में संचालित सम्पर्क केंद्र में पशु चिकित्सा विभाग से दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा सम्पर्क केंद्र के फोन नंबर पर सूचना आने पर सम्बधित को सूचित करने के निर्देश दिये। उन्होंने गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष द्वारा दिये गए निर्देशों का अनुपालन सभी को सुनिश्चित करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. नरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जिले के गौशाला संचालक उपस्थित थे।




### शुरू होगी गौधाम योजना

पटेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा गौवंश की संरक्षण व संवर्धन के लिए गौधाम योजना शुरू की जा रही है, जिसमें प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखंड में 10 –10 स्थानों में गोधाम शुरू किया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त स्थल का चयन कर लिया जाए। उन्होंने चारे की व्यवस्था के लिए नेपियार रूट लागने के भी निर्देश दिये। इस दौरान गौशाला संचालकों ने सड़क दुर्घटना में घायल मवेशियों को तत्काल ईलाज हेतु अस्पताल ले जाने के लिए वाहन व्यवस्था एवं पशु शव को दफनाने के लिए भूमि चिन्हांकित करने के सुझाव दिये।

### मवेशियों की तस्करी पर रहेगी निगरानी

उन्होंने कहा कि आज गौवंश की संरक्षण और संवर्धन के लिए जरुरी उपाय के साथ सामूहिक प्रयास भी आवश्यक है। उन्होंने निराश्रित गौवंश की व्यवस्थापन के लिए पशु पालन विभाग के अधिकारियों को पहले निराश्रित गौवंश का सर्वे कर संख्या संकलित करने कहा। आगामी बारिश के मौसम में सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों के आश्रय के लिए उपयुक्त स्थल चिन्हांकन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध रूप से गोवंश के परिवहन पर कड़ी निगरानी एवं सम्बंधितों पर कार्रवाई हेतु पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप



### सशिमं में परीक्षा परिणाम जारी

**खरोरा**। सरस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी में कक्षा अष्टम व पंचम का परिक्षाफल नोडल अधिकारी अनिरुध पाण्डे प्रधानाचार्य तुलसी राम वर्मा, कोषाध्यक्ष तुलसी राम वर्मा, समस्त स्टाफ व पालकों के बीच घोषित किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर बहन त्रिफला विश्वकर्मा 95 प्रतिशत, द्वितीय गौरव सोनी 94, तृतीय स्थान दिशा सोनी 92.67, चतुर्थ स्थान छाया सिन्हा 92.50, पंचम चंचल मानिकपुरी 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। पंचम कक्षा में प्रथम स्थान दिव्यनशि वर्मा 97 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कुमुद् वर्मा 96, तृतीय स्थान गीतांजलि वर्मा 93, चतुर्थ आराध्या वर्मा 92, पंचम प्राची वर्मा 90.50 प्रतिशत प्राप्त किये।

### गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को 10-10 साल की सजा

**महासमुंद**। गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने 23 वर्षीय प्रिंस कुमार दुबे पिता बीरेंद्र कुमार दुबे उत्तर पश्चिम दिल्ली नरेला निवासी तथा 28 वर्षीय मोसिन उर्फ मोहसिन पिता सलीम कलियर हरिद्वार निवासी को एनडीपीएस एक्ट के अपराध में धारा 20 (ख) (।।) (ग) के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन के पास मेन रोड एनएच 353 भीमखोज में एक भूरे रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों से पूछताछ की, उनके पास रखे एक बड़े भूरे रंग के बैग में 7 पैकेटों में लिपटा हुआ गांजा बरामद किया गया। जिसका वजन 25 किलो था। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां अपराध सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

### बेमौसम बारिश से फड़ गीला, शुरू नहीं हो पाया तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य

**महासमुंद**। तेंदूपत्ता संग्रहण व खरीदी की शुरुआत 1 मई से होनी थी। लेकिन, पिछले दिनों हुई ओलवृष्टि के चलते खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई है। बता दें कि जिले के 85 हजार संग्राहक परिवारों को कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। पिछले सप्ताहभर से मौसम में बार-बार परिवर्तन व ओलावृष्टि से तेंदूपत्ता की क्वालिटी पर असर पड़ा है। फड़ भी गीला हो गया है। इधर, तेंदूपत्ता तोड़ने वालों को इस साल उनके बैंक खाते में ऑनलाइन राशि अंतरित की जाएगी। इस बार भी तेंदूपत्ता के लिए 5500 रुपए प्रतिमानक बोरा की दर से खरीदी होगी।

## विधि विधान से नगर में मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

# परशुराम जयंती पर महामाया मंदिर से निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मां महामाया की नगरी लवन में विधि विधान धार्मिक वातावरण में मनाया गया। परंपरागत ढंग से पूजन अर्चन आरती कर लवन ब्राह्मण समाज ने हर्षोल्लास से मनाया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विप्रजन श्याम शुक्ला (अध्यक्ष) बलौदबाजार, पं. गोरेलाल तिवारी कसडोल, संजय सुमन त्रिवेदी, रामेश्वर पाण्डेय लवन ने विधि विधान के साथ विशेष पूजन अर्चना की। तत पश्चात उपस्थित विप्रजनों ने भगवान परशुराम की आरती की। सभी को मिष्ठान वितरित कर मुंह मीठा कराया फिर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर महामाया मंदिर प्रांगण से विशाल शोभा यात्रा नगर के ब्राह्मण पारा से बस्ती होते हुए प्रमुख मार्गों पुराने तहसील चौक, मेन रोड, बाजार चौक वापस महामाया मंदिर तक निकाली गई। सभी उपस्थित विप्र समाज जन धर्म ध्वज लेकर डीजे ध्वनि के साथ चलते रहे। सभी ब्राह्मण जन भगवान परशुराम का जय घोष नारा लगाते रहे। विशाल शोभा यात्रा में लवन ब्राह्मण समाज के धीरज मिश्रा, अनूप पाण्डेय, दिलचंद तिवारी, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, अखिलेश मिश्रा, अमर मिश्रा, पंकज मिश्रा, अक्षत मिश्रा, अनुज मिश्रा, हिमांशु, दुर्गेश बाजपेई, अनुपम बाजपेई, भावेश तिवारी, अभय तिवारी, बसन्त तिवारी, मृत्युंजय पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, प्रशांत पाण्डेय, विनोद जोशी, अखिलेश जोशी, अरविंद पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, शिवा पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, श्रेय पाण्डेय, मोतीलाल पाण्डेय, शरद पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, रिंकी, अभय पाण्डेय, बसन्त तिवारी सुधीर तिवारी, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, नवीन पाण्डेय, निमिष पाण्डेय, नीटू पाण्डेय, राजकुमार तिवारी, नितेश शर्मा, आर्यन शुक्ला, राजा तिवारी, मनोज दुबे शशि भूषण शुक्ला, अविरल पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, रमाकांत अवस्थी सहित विप्रजन उपस्थित रहे।

### गुड्डे-गुड़ियों के विवाह में बाजे गाजे से निकाली बारात



सिमगा। अक्ति का पर्व अंचल में धुमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर मुख्य रूप से गुड्डे गुड़ियों का विवाह रचाने की प्राचीन परपंरा है, जहां विवाह की सभी रश्में निभाई जाती है। बच्चों के साथ-साथ घर के बड़े भी बच्चों के इस गुड्डे गुड़ियों के विवाह में सम्मिलित होते हैं और उनका उत्साह वर्धन करते हैं। बच्चों द्वारा संध्या समय घर के आगंन में चौक पुरकर आम के पत्तों से सुदंर मडंप सजाकर गुड्डे गुड़िया को पाटे पर बिठाकर विवाह की परपंरा निभाई। बकायदा बाजा गाजा के साथ बारात निकाली गई । तत्पश्चात जयमाला कार्यक्रम भी हुआ। जहां घर के बड़ों ने टिकावन के रूप में विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिये। गुड्डे गुड़ियों के विवाह कार्यक्रम हेतु घरों में कई प्रकार के व्यंजन भी तैयार किए गए थे। अक्षय तृतीया के दिन बड़ा ही शुभ होता है। अक्षय तृतीया पर किया गया दान धर्म हमेशा अक्षय रहता है। माना जाता है कि आज के दिन विवाह हेतु मुहूर्त नहीं देखा जाता। लोग आज के दिन ही नये कार्य का शुभारंभ भी करतें हैं, जो शुभ माना जाता है। महिलाओं द्वारा नये मटके की पूजा करने का भी रिवाज है। आज से मटके का पानी पीया जाता है। अक्षय तृतीया को ही भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। वहीं सिमगा विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम की जयंती धुमधाम के साथ मनायी गई तथा विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई।

### बाजे गाजे के साथ हुआ गुड्डू गुड़िया की विवाह



**मुंडा**। आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा की भाठा रामायण चौक में गुड्डू गुड़िया का विवाह बाजे गाजे के साथ हुआ। बता दे की सोमवार को बैंड बाजा के साथ चूलमाटी का कार्यक्रम रखा और विधि विधान पूर्वक मंगलवार को देवतला कार्यक्रम किया और बुधवार अक्षय तृतीया को बरात स्वागत व टिकावन कार्यक्रम रखा गया। टिकावन में पूरे मोहल्ला भर के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए और टिकावन टीका गया, जिसमें कुल 700 रुपए हुए। इसमें पूजा सेवती, चांदनी, ज्योति, निका, सुनीता, तनु, वर्षा कुमारी, निशा, बिंदेश्वरी, राखी, सोनम प्रियंका, प्रीति, अनीता सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री बाई वर्मा व मोहल्लावासी सम्मिलित थे।

# शहर को रायपुर से जोड़ने वाला मार्ग गड्ढे में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

मोहरा बस स्टैंड से कठिया होते हुए मोहरेगा तक जाने वाला मार्ग इस समय अपनी जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। यह मार्ग रायपुर जैसे मुख्य शहर से जोड़ने का एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, लेकिन इसकी वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक है। बारिश का पानी सड़कों पर जाम होता है, जो कीचड़ों में तब्दील होती दुर्घटनाओं को अंजाम देता है।

मोहरा और कठिया के बीच लगभग तीन किलोमीटर की दूरी है, जिसमें एक से डेढ़ फीट गहरे सैकड़ों गड्ढे बन चुके हैं। इन गड्ढों में बारिश का पानी भरकर रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध कर देता है, जिससे छोटे और दोपहिया वाहनों के लिए मार्ग खतरनाक हो गया है। लेकिन स्थिति यहीं तक सीमित नहीं है। मोहरा से कठिया होते हुए मोहरेगा तक का पूरा मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है और अब इसे केवल नवीनीकरण के जरिए ही सुधारा जा सकता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यहां सड़क जैसी कोई चीज अब बची ही नहीं है। पूरे मार्ग पर सिर्फ गिट्टी बिखरी हुई है और मार्ग की हालत देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यहां सड़क गायब हो चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन आम नागरिक, स्कूली बच्चे, किसान और व्यवसायी आते–जाते हैं, लेकिन खराब रास्ते के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी संयंत्रों की गाड़ियां इस मार्ग से गुजरती हैं, जिससे सड़क की हालत और बदतर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार शासन–प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मार्ग के नवनीकरण की मांग की, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने शासन से आग्रह किया है कि इस मार्ग का शीघ्र नवनीकरण किया जाए ताकि बरसात के दिनों में लोगों का जीवन सुरक्षित और सुविधा जनक बन सके।

# आंधी से बाजार में मची तबाही व्यापारियों को हुआ नुकसान



**अर्जुनी**। अंचल में गुरुवार को मौसम ने कहर बरपाया। शाम को करीब 4.30 बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज तूफान के साथ जमकर बारिश हुई। यह स्थिति करीब एक घंटे तक बनी रही, जिससे अर्जुनी सहित आसपास के गांवों में बिजली ठप रही। गुरुवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण और व्यापारी जुटे थे। शाम को तेज तूफान के साथ हुई बारिश से व्यापारी अपने सामान को समेटने में लग गए। वहीं तूफान बंद होने के बाद बारिश में लोग छतरी लेकर बाजार करते रहे। बारिश से जनजीवन पूरा अस्त व्यस्त रहा। दुकानदारों का कहना है कि तूफान और बारिश के चलते गुरुवार का दिन बेकार गया और भारी नुकसान हुआ।

# सुशासन तिहार में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सुशासन तिहार के दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार (सकरी) में भी सुशासन तिहार मनाया गया, जिसमें 12 से 25 अप्रैल तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को निबंध लेखन प्रतियोगिता, 17 अप्रैल लोक नृत्य, 22 अप्रैल को नुक्कड़ नाटक एवं 25 अप्रैल को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विक्रम साहू प्रथम, कौशल साहू द्वितीय एवं सूरज कैवर्त्य तृतीय, लोक नृत्य में रितेश प्रथम, मानस वर्मा द्वितीय एवं टाकेश्वर तृतीय, नुक्कड़ नाटक में नीरज, खिलेन्द्र महतारी वंदन योजना में प्रथम, कविता, मनीषा श्री पीएम आवास योजना में द्वितीय एवं थानू, मल्किका नल–जल योजना में तृतीय, वाद विवाद प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, तमन्ना द्वितीय एवं सानिया तृतीय स्थान पर रहीं।



# उपनिरीक्षक ओमकारनाथ को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



थाना सिमगा में पदस्थ उप निरिक्षक ओमकारनाथ त्रिपाठी को सेवानिवृत्त होने पर पुलिस परिवार द्वारा थाना में विदाई दी गई। वह 43 वर्ष 5 माह 10 दिन की लंबी ड्यूटी करने के उपरांत 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उन्होंने ने अपने कार्यकाल के बारे में बताते हुये कहा कि मेरी पुलिस में भर्ती 18 वर्ष की उम्र में 1981 को हुई थी। सर्वप्रथम 4 वर्ष तक नव आरक्षक के रूप में आजाद चौक थाना रायपुर में कार्य किया। पहली तैनाती यातायात रायपुर में 1985 हुई थी। उसके बाद गरियाबंद, बस्तर, रायपुर कोतवाली, बलौदाबाजार कोतवाली, मैनपुर और कई थानों में कार्य किया।

थाना सिमगा में लगभग 5 माह तक सेवारत रहते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया और वे आज यहीं से सेवानिवृत्त हुए। मेरे सेवाकाल के दौरान पदस्थ रहे सिमगा सहित सभी स्थानों पर मुझे सभी स्टाप का भरपूर सहयोग मिला, जिसके लिए उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं। वहीं थाना स्टाफ सिमगा के पुलिस कर्मियों ने कहा कि त्रिपाठी का कार्यकाल भले ही कम समय का रहा हो, लेकिन उनसें बहुत कुछ सीखने को मिला। विदाई समारोह में थाना प्रभारी रितेश मिश्रा एवं थाना परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला खैन्दा में 12 दिनों तक चला समर कैम्प

# सीखना सिखाना समर कैम्प में बच्चों ने सीखे अनेक हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय प्राथमिक शाला खैन्दा में 12 दिन का सीखना सिखाना समर कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के अधिकांश बच्चों ने भाग लेकर बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान के साथ–साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सीखे, जिसमें – अभिवादन, कविता गायन, अभिनय, पेपर क्राफ्ट, मिट्टी के खिलौने बनाना, खेल कूद, उंगलियों के निशान से विभिन्न आकृति बनाना, मुखौटा निर्माण, मेहंदी डिजाइन, बीजों एवं कंकड़ से विभिन्न आकृतियां बनाना, मूवी स्क्रीनिंग आदि गतिविधियां इन 12 दिनों में बच्चों ने सीखा। समर कैंप में आकर बच्चों को अलग ही अनुभूति का आनंद हुआ। बच्चों को विशेष कर अभिवादन बहुत ही अच्छा लगा, क्योंकि इसमें बच्चे अपने शिक्षकों से हाथ मिलाकर, गले लगकर, पंजा मिलकर, हाथ जोड़कर अपने रुचि अनुसार अभिवादन करते थे। विषय बाध्यता से दूर दिन प्रतिदिन अलग–अलग गतिविधियां सीख कर बच्चों को बहुत अच्छा लगा। 12 दिनों तक चलने वाला समर कैंप प्रत्युष जी एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मार्गदर्शन और सहयोग से संपन्न हुआ। समापन के दिन महेन्द्र कुमार घृतलहरे, सत्यवती तिर्की, मनीषा दीवान, सोनचरण साहू, वाष्पा बंजारे, अजय साहू, वीरेंद्र चेलक, प्रिया प्रसाद वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बेदराम वर्मा, संकुल समन्वयक लक्ष्मीकांत पैकरा, संकुल प्रभारी रामलाल लहरे, पाल कोसले आदि उपस्थित रहे।



### बच्चों ने प्रदर्शनी में दिखाए कौशल

विद्यालय में समर कैंप संचालित करने वाले शिक्षक महेंद्र कुमार घृतलहरे, सत्यवती तिर्की, मनीषा दीवान, सोनचरण साहू एवं प्रधानपाठक वाष्पा बंजारे के परिश्रम से संपन्न हुआ। पालकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों के साथ–साथ पालकों ने भी इस कार्यक्रम को सराहनीय पहल बताया। बच्चों की वार्षिक परीक्षा समाप्ति के पश्चात विद्यालय में उपस्थित एकाएक काम हो गया था, किंतु जैसे ही समर कैंप का आयोजन हुआ, अधिकांश बच्चे फिर से स्कूल में चलने वाले कैम्प में आना शुरू कर दिया। सीखना सिखाना समर कैंप समापन के दिन बच्चों ने बारह दिन में बनाये समस्त गतिविधियों का प्रदर्शनीय रखा गया।

